Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005

Participants : Mishra Dr. Rajesh Kumar

>

Title : Problems being faced by Haj Pilgrims of Uttar Pradesh.

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जो हज यात्री उत्तर प्रदेश से मक्का इस समय हज करने के लिए जा रहे हैं, उनकी स्थिति वर्तमान समय में बहुत खराब है। उत्तर प्रदेश सरकार और हज कमेटी के चेयरमैन में आपस में तालमेल न होने की वजह से दोनों एक-दूसरे की आलोचना कर रहे हैं। क्योंकि लखनऊ से जहाज हज यात्रियों को लेकर जाता है, वहां की स्थिति यह हो गई है कि इस समय सारे यात्री लखनऊ में पड़े हुए हैं। ...(व्यवधान) वे लोग काफी वृद्ध हैं, उनमें महिलाएं भी हैं। वहां नदवा नाम की एक जगह है, पहले वे वहां रहा करते थे। लेकिन हज समिति के चेयरमैन ने वहां हज भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू की। उन्हें इस बार नदवा में भी जगह नहीं मिली और वह भवन पूरा नहीं बन पाया। इस वजह से वहां यात्रियों को न इंजैक्शन मिल पा रहा है, न दवा मिल पा रही है, उनमें वृद्ध महिलाएं व पुरु हैं।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि वह कृपया वहां इंटरफियर करे और हज यात्रियों को जो दिक्कतें हो रही हैं, उनका निदान करते हुए उन्हें हज के लिए मक्का भेजने की कोशिश की जाए।